प्रदेश में हर वाइब्रेंट विलेज में बनेगा हेलीपैड

चर्चा में क्यों?

21 जून, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार उत्तराखंड के सीमांत जिलों में प्रत्येक वाइब्रेंट विलेज में हेलीपैड बनाया जाएगा। साथ ही इन गांवों में ब्रैकफास्ट टूरिज़्म को बढ़ावा दिया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- जानकारी के अनुसार मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु ने उत्तरकाशी और चमोली के जिलाधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से योजना बनाने के निर्देश दिए।
- राज्य सचिवालय में आयोजित बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि जिलाधिकारी अपने जिलों में वाइब्रेंट विलेज में जाकर देखें कि किन-किन सेवाओं की सख्त आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वाइब्रेंट विलेज के तहत क्षेत्र में अटल स्कूलों की शुरुआत की जाए। पर्यटन की दृष्टि से इन गांवों में और क्या-क्या गतिविधियां शुरू की जा सकती हैं, इस दिशा में भी कार्य किया जाए।
- उन्होंने वाइब्रेंट विलेज के लिये योजनाओं को प्राथमिकता पर लेने के निर्देश देते हुए कहा कि इन गांवों में बिजली, पानी, सड़क, अस्पताल आदि की उपलब्धता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए।
- मुख्य सचिव ने कहा कि इन गाँवों के लिये योजनाएँ इस प्रकार से तैयार की जाएँ कि स्थानीय लोगों को रोज़गार प्राप्त हो सके। इन क्षेत्रों में बुग्याल और ट्रैकिंग रूट्स को विकसित कर क्षेत्रवासियों को रोजगार से जोड़ा जा सकता है। उन्होंने कौशल विकास विभाग को, क्षेत्र के युवाओं को कई ट्रेड्स में निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने के भी निर्देश दिये।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/helipad-will-be-built-in-every-vibrant-village-of-the-state